नवोदय टाइम्स
TUE,26 MAY 2026
EDITION: EDITION, PAGE NO. 1

# लोकनायक अस्पताल बना देश का पहला 2000 बेड वाला एनक्यूएएस प्रमाणित सरकारी संस्थान

नई दिल्ली, 25 मई (नवोदय टाइम्स): देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण सामने आया है। राजधानी दिल्ली का लोक नायक अस्पताल अब देश का पहला 2000 बेड वाला सरकारी अस्पताल बन गया है, जिसे केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन मिला है।

अत्यधिक मरीज भार, सीमित संसाधनों और लगातार बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच यह उपलब्धि सरकारी अस्पतालों की कार्यक्षमता, पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर बनी धारणाओं को बदलने वाली मानी जा रही है। अस्पताल ने सेवा प्रदायन, मरीज अधिकार, संक्रमण नियंत्रण,




**मरीज सुरक्षा से संक्रमण नियंत्रण तक करीब 100 से अधिक पैरामीटर के हर पैमाने पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

क्लीनिकल सेवाओं और मरीज की गरिमा जैसे लगभग सभी मानकों में 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. बी.एल. चौधरी ने इस उपलब्धि का श्रेय डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्यकर्मियों, सफाई एवं सुरक्षा कर्मचारियों समेत पूरे अस्पताल परिवार के सामूहिक प्रयासों को दिया।

अस्पताल में पिछले वर्षों में डिजिटल मॉनिटरिंग, पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली, वैज्ञानिक सफाई व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण प्रशिक्षण, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और मरीज-केंद्रित प्रशासनिक सुधार लागू किए गए। एनक्यूएएस प्रमाणन के बाद अस्पताल को प्रतिवर्ष ₹2 करोड़ से अधिक की अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन राशि मिलने की संभावना है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जाएगा।